किसान कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : यादव

अपेक्स बैंक प्रशासक ने ली बैठक

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव द्वारा जिला पंचायत सभागार कक्ष में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुरैना के शाखा प्रबंधकों एवं पैक्स के प्रबंधकों के साथ बैठक कर सहकारिता, ऊर्जा संरक्षण, सदस्यता महाअभियान एवं हरित सहकार अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव द्वारा वर्तमान वैश्विक ऊर्जा संकट के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित में नागरिकों से किए गए च्ईंधन बचाओ-ऊर्जा बचाओज के आह्वान का उल्लेख करते हुए सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ऊर्जा संरक्षण हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। साथ ही च्वोकल फॉर लोकलज अभियान को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बैंक मुख्यालय एवं पैक्स स्तर पर पौधरोपण के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर हरित सहकार अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

श्री यादव ने कहाँ की मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया है, इस वर्ष में किसानों का उद्धार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इसी कड़ी में पूरे प्रदेश में 14 अप्रैल से 30 जून 2026 तक चलाए जा रहे सदस्यता महा अभियान में अधिक से अधिक किसानो को सहकारी समितियों का सदस्य बनाने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य संपन्न किये जाने के निर्देश प्रशासक महोदय द्वारा प्रदान किये गए स साथ ही बी-पैक्स संस्थाओं की वार्षिक आमसभा में चयनित सदस्य किसानों को सम्मानित किए जाने का सुझाव भी दिया गया।

कार्यक्रम में अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, अशोक अर्गल, पूर्व सांसद मुरैना एवं पूर्व महापौर मुरैना, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, बनवारी लाल शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता, दिनेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, डा. योगेंद्र शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, आकाश भदौरिया मंडल अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल मकाश्रे एवं जिला सहकारी बैंक मर्यादित मुरैना के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टूरिज्म गाइड लाइन का पालन करने के निर्देश

श्योपुर, 30 मई। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय द्वारा साहसिक पर्यटन गतिविधियों के आयोजन के दौरान इंडियन एडवेंचर टूरिज्म गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश जारी किये गये है। यह निर्देश संचालक कूनो जंगल रिसोर्ट ग्राम बासेड, संचालक दि पालपुर फोर्ट रिसोर्ट ग्राम मोरावन एवं संचालक कूनो रिवर कैम्प मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन सहकारी संघ अंतर्गत गठित डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म कॉपरेटिव सोसायटी शिवपुरी ग्राम बासेड को जारी किये गये है कि उनके द्वारा उपरोक्त गतिविधियों का संचालन प्रस्तावित हो तो टूरिज्म गाइडलाइन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

सीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 31 कर्मचारी, एक-एक दिन का वेतन राजसात

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा प्रात: 10.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये 31 कर्मचारियों के विरूद्ध एक-एक दिन का वेतन राजसात करने की कार्यवाही की गई है। अनुपस्थित कर्मचारियों एनआरएलएम के 6 कर्मचारी सहित दो आउटसोर्स कर्मचारी तथा जिला पंचायत में विभिन्न शाखाओं में कार्यरत 18 कर्मचारी सहित 5 आउटसोर्स कर्मचारी शामिल है।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा किये गये निरीक्षण में एनआरएलएम के जिला प्रबंधक एमईडी गिर्राज मीणा, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त अभिषेक भाले, जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन प्रमोद कुमार राय, प्रभारी जिला वित्त प्रबंधक अनिल सक्सैना, विकासखंड प्रबंधक श्योपुर जुगलकिशोर सोनी, भृत्य पप्पूलाल बिसारिया तथा आउटसोर्स एकांउटेंट विशाल मुदगल, आउटसोर्स ऑपरेटर कृष्णा मीणा अनुपस्थित पाये गये।

इसी प्रकार जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये कर्मचारियों में पीसीओ रामबाबू राठौर, बाबूलाल आर्य, भगत सिंह जाट, घनश्याम जाटव, सहायक ग्रेड-2 विपिन त्रिपाठी, सहायक ग्रेड-3 मनीष शिवहरे, कमल जाटव, तरूण त्रिपाठी, अमित तोमर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्रीमती रागिनी शर्मा, माध्यमिक शिक्षक शैलेन्द्र दीक्षित एवं हरिराम सिंह जाट, प्राथमिक शिक्षक गुणेन्द्र शर्मा, भृत्य अमरलाल आदिवासी, जितेन्द्र बंसल, हेमंत माहौर, बृजमोहन पांचाल, जीआरएस रामलखन मीणा तथा आउटसोर्स कर्मचारी शंकरलाल पयोरिया, डीसी आरजीएसए रामभरत जाटव, आउटसोर्स ऑपरेटर आरजीएसए गोपालकृष्ण मुदगल, आउटसोर्स ऑपरेटर मनरेगा विनोद सुमन, आउटसोर्स ऑपेटर एमडीएम राहुल राजौरिया आउटसोर्स भृत्य डीपीसी शामिल है। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक-एक दिन का वेतन राजसात करने की कार्यवाही की गई है।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

श्योपुर, 30 मई। ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय श्योपुर के सहयोग से पुष्पाश्री फाउंडेशन एवं प्रेसक्लब द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत 31 मई रविवार को जिला चिकित्सालय श्योपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पुष्पाश्री फाउंडेशन के श्री अध्यक्ष अरूण ओसवाल ने उक्त रक्तदान शिविर में नागरिकों से रक्तदान के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता करने की अपील की गई है। स्व. मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास तथा भारत स्काउट एवं गाइड भी इसमें सहभागी रहेंगे।

एक नजर में

कराहल गढ़ी की नलजल योजना सुचारू

श्योपुर, 30 मई। पीएचई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कराहल गढी में नलजल योजना की खराब मोटर को सुधारकर पेयजल आपूर्ति पुन: सुचारू कर दी गई है। कार्यपालन यंत्री एलपी सिंह ने बताया कि कराहल गढी की योजना दो दिन पूर्व मोटर खराब होने से बंद हो गई थी, गत शुक्रवार को मोटर निकलवाई गई और मोटर को दुरूस्त कर पुन: इंस्टॉल कर दिया गया है तथा योजना को सुचारू किया गया है।

जिला स्तरीय वॉर रूम गठित

श्योपुर, 30 मई। शासन द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित पेयजल संकट के संबंध में पूर्व तैयारी के लिए जिला स्तरीय वॉर रूम का गठन किया गया है। पेयजल संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय वॉर रूम समिति की बैठक प्रतिदिन शाम 6 बजे से 7 बजे तक होगी। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय वॉर रूम में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद उपाध्यक्ष रहेंगी, इसके साथ ही परियोजना अधिकारी डूडा, कार्यपालन यंत्री पीएचई, महाप्रबंधक एमपीईबी, श्योपुर, कराहल, विजयपुर के जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय श्योपुर, बडौदा, विजयपुर के सीएमओ सदस्य रहेंगे।

घायल व्यक्ति की जान बचाएं और 25 हजार रु. पाएं, राहवीर को मिला इनाम

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए राह-वीर योजना शुरू की गई है। गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय) में अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है, इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जाने का प्रावधान भी है।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने नागरिको से अपील की है कि सडक दुर्घटना के मामलों में घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचायें, इसके तहत मदद करने वालो को राहवीर योजना के तहत पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति राह-वीर योजना के लिए पात्र होंगे।

गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा सड़क दुर्घटना पीडितों को नकदी रहित उपचार स्कीम अंतर्गत नामांकित अस्पतालों में डेढ लाख रूपये तक की राशि का उपचार निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, नामांकित अस्पतालों को पीडित के अस्पताल लाये जाने पर तुरंत चिकित्सा उपचार शुरू किया जाता है।

कॉलेज में तंबाकू निषेध सप्ताह अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले के शासकीय महाविद्यालयों में तंबाकू निषेध सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस श्योपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेडक्रॉस एवं अन्य इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने मानव श्रृंखला बनाकर तंबाकू सेवन के विरुद्ध जनजागरण का संदेश दिया तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। उपस्थित विद्यार्थियों को तंबाकू, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य हानियों की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की प्रवृत्तियों से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू मुक्त परिसर एवं तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रो. रमेश भारद्वाज, डॉ. भूपेन्द्र हरदेनिया, प्रेमचंद एक्का, डॉ. सीमा चौकसे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने तंबाकू सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

कॉलेज में तम्बाकू नियंत्रण पर कार्यशाला आयोजित

श्योपुर, 30 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह अंतर्गत आज महाविद्यालयर श्योपुर में प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा की अध्यक्षता में तम्बाकू निषेध पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कर्यक्रम के दौरान तम्बाकू नियत्रण कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा, प्रोफेसर डॉ. धर्मेन्द्र हरनिया, खेमराज आर्य, डॉ.परवीन वर्मा आदि उपस्थित थे। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि तम्बाकू की लत स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही नहीं बल्कि धीरे-धीरे जानलेवा बन जाती है, तम्बाकू का सेवन चाहे सिगरेट, बीडी, गुटका खैनी, हुक्का, ई-सिगरेट से करना हानिकारक है। तंबाकू का सेवन ध्यान और यादाश्त कमजोर करता है, ऊर्जा और खेल क्षमता घटाता है, चेहरे की चमक और आत्मविश्वास कम करता है, कैंसर जैसी और अन्य बीमारी जैसे केंसर का खतरा बढना, हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा, फेफड़ों की बीमारियां, दांतों और मसूढ़ों को नुकसान, समय से पहले म्रत्यु का कारण बनना आदि आओ हम संकल्प ले कि युवा शक्ति की पहचान तम्बाकू से नहीं अपने स्वस्थ्य भविष्य से है। प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने छात्रों के साथ शपथ ली कि महाविद्यालय को तंबाकू मुक्त संस्थान बनाना है, हम अपने साथ-साथ संस्थान को तंबाकू मुक्त रखेंगे।

समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही महिलाएं

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आजीविका मूलक गतिविधियों को अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। समूह से जुड़ने के बाद इन महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है।

श्योपुर जिले के कराहल तहसील में ग्राम झिरन्या की श्रीमती राधा आदिवासी को समूह से जुडने के बाद समाज में एक विशेष सम्मान मिला है, सीआरपी ड्राइव के माध्यम से गृहणी के रूप में रहने वाली श्रीमती राधा आदिवासी की नेतृत्व क्षमता बढ गई है और आर्थिक जागरूकता के चलते उसने समूह के माध्यम से लोन लेकर अपनी आजीविका के साधन भी विकसित कर लिये है, इतना ही नही श्रीमती राधा आदिवासी को पीएम आवास योजना का लाभ मिलने पर उसने अपने लिए एक स्वच्छ और पक्का आवास भी निर्मित करा लिया है।

वर्तमान में श्रीमती राधा आदिवासी एनआरएलएम अंतर्गत संचालित गौशाला में कार्य करती हैं, जिससे उसे गौ सेवा के साथ ही अतिरिक्त आमदनी भी प्राप्त हो रही है। झिरन्या की गौशाला में काम करने पर उसे 5 हजार रूपये महीने की आमदनी हो रही है तथा अन्य आजीविका गतिविधियों का संचालन कर वह परिवार के लिए 10 से 12 हजार मासिक आमदनी अर्जित कर रही है।

कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरण शिविर कल से

श्योपुर, 30 मई। एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को के निर्देशानुसार जिले की निकायों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित किये जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री शशि किरण इक्का ने बताया कि जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय श्योपुर अंतर्गत दिव्यांगजनो के लिए को कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग सामग्री वितरित हेतु शिविर 01 जून को डीडीआरसी भवन बायपास रोड श्योपुर पर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 02 जून को नगर परिषद भवन बड़ौदा में, 03 जून को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 04 जून को पंचायत भवन ढोढर, 05 जून को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर तथा 06 जून को पंचायत भवन वीरपुर में शिविर आयोजित किये जाएंगे।

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में सब सेंटर ग्राम अर्रोद में किशोर-किशोरियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आरकेएसके काउंसलर जितेंद्र शाक्य द्वारा किशोरियों एवं किशोरों को माहवारी क्या है, माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के तरीके, होने वाले शारीरिक बदलाव, संक्रमण एवं बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही किशोरियों को माहवारी के समय स्वच्छ एवं सुरक्षित साधनों के उपयोग तथा पोषण पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उमंग स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं जैसे- पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचाव, संचारी एवं असंचारी रोगों की जानकारी दी गई। साथ ही उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425, टेलीमानस टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 एवं मानसिक स्वास्थ्य सहायता हेतु मनहित ऐप के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीसीएम कमल किशोर जाटव, सीएचओ पवन सैनी, आशा कार्यकर्ता एवं ग्राम की किशोरियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों में माहवारी स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

26 डिग्री पर एसी चलाकर कम कर सकते हैं बिजली बिल

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 30 मई। गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 26 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार, प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल उपभोक्ताओं के लिए चिंता का एक बड़ा कारण बन जाता है। लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए।

कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफ्हमी है। जबकि 26 डिग्री सेल्सियस तक कमरे का तापमान कम करने में भी उतना ही समय लगता है। लेकिन जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 26 डिग्री सेल्सियस पर सेट करके टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है। इसलिए समझदारी से काम लेते हुए एसी को 26 डिग्री पर सेट करें तथा सीलिंग फैन एक या दो पाइंट पर जरूर चलाएं, ऐसा करने से बिजली बिल में कमी आ सकती है।

कौशल विकास कार्यक्रम : नि :शुल्क प्रशिक्षण के आवेदन 12 जून तक

श्योपुर, 30 मई। मप्र खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत श्योपुर द्वारा वर्ष 2026-27 में कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को फेब्रिक डफ्टिंग एवं कटिंग- शर्ट, सफारी एवं कुर्ता, एडवांस फैशन डिजाईनिंग, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर एकाउण्ट विथ टैली, प्लम्बर, राजमिस्त्री, लेदर, फुटवेयर, लेदर गुडस, दौना पत्तल, इलेक्टीशियन घरेलू उपकरण मरम्मत, मोटर बाईडिंग, सोलर पैनल इंस्टालोनध्रिपेयरिंग, अगरबत्ती निर्माण, बेसिक सिलाई गारमेंटस, फैशन डिजायन, कत्तिन बुनकर इत्यादि व्यवसायों में निशुल्क प्रशिक्षण दिलाऐ जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन 12 जून 2026 तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

मलेरिया नियंत्रण पर जन-जागरूकता अभियान आयोजित

श्योपुर, 30 मई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एसएन बिंदल के निर्देशन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण, रोकथाम एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं।

इसी क्रम में विकासखंड कराहल के ग्राम सरारी में बुखार की सूचना प्राप्त होने पर एमआई नरसिंह गौड़ द्वारा 10 बुखार पीड़ित मरीजों की मलेरिया किट से जांच की गई, जिसमें सभी रिपोर्ट नेगेटिव प्राप्त हुईं, साथ ही ग्राम में 35 घरों का लार्वा सर्वे कर मच्छर नियंत्रण हेतु गांव की गलियों एवं जलभराव वाले स्थानों पर दवाई का छिड़काव किया गया।

ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करते हुए बुखार आने पर तत्काल रक्त जांच कराने, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने, घर एवं आसपास पानी जमा न होने देने तथा कूलर एवं पानी की टंकियों की साप्ताहिक सफाई करने की सलाह दी गई।

इसी क्रम में विकासखंड श्योपुर (बड़ौदा) अंतर्गत एमटीएस अरविन्द गर्ग द्वारा बड़ौदा अर्बन एवं नयागांव क्षेत्र का भ्रमण कर आशा कार्यकर्ताओं के मलेरिया संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा उन्हें नियमित रूप से लार्वा सर्वे एवं बुखार मरीजों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया।

टीकाकरण सत्र स्थल पर उपस्थित लोगों को मलेरिया एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव संबंधी जानकारी देते हुए स्वच्छता बनाए रखने, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआँ करने तथा बुखार होने पर तुरंत जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित रोगों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सलाह का पालन करें एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।